छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगाँठ

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **छत्रपति शिवाजी** के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (Indira Gandhi National Centre for the Arts- IGNCA)** और **राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (NGMA)** द्वारा **शिवाजी महाराज** के 115 ऑयल पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

- प्रदर्शनी में प्रदर्शित पेंटिंग्स को पद्म विभूषण बाबासाहेब पुरंदरे के मार्गदर्शन में बनाया गया था।
- **छत्रपति शिवाजी महाराज** का 6 जून 1674 को रायगढ़ में **मराठों के राजा** के रूप में राज्याभिषेक किया गया था।
  - उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे ज़िले के शिवनेरी दुर्ग में हुआ था।
  - उनके पिता **शाहजी भोंसले** बीजापुर सल्तनत के अधीन मराठा सेनापति थे और उनकी माता का नाम **जीजाबाई** था। उन्होंने **छत्रपति, शककर्त्ता, क्षत्रिय कुलवंत और हैंदव धर्मोद्धारक** की उपाधियाँ धारण कीं।

और पढ़ें..छत्रपति शिवाजी महाराज

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/350th-anniversary-of-chhatrapati-shivaji-s-coronation